**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**04.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज युवाओं के लिए 62 हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया। ये युवा केन्द्रित पहल, देश में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देंगी। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आई.टी.आई. के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन–पीएम–सेतु का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार कौशल और नवाचार पर विशेष ध्यान देते हुए युवाओं को भविष्य का नेतृत्व करने के लिए तैयार कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ज्ञान और कौशल का देश है और बौद्धिक शक्ति, देश की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि आई.टी.आई. न केवल औद्योगिक शिक्षा के प्रमुख संस्थान हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की कार्यशालाएँ भी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पीएम–सेतु योजना से देश भर के एक हज़ार से ज़्यादा आई.टी.आई. को लाभ होगा। मोदी ने कहा कि योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण संस्थानों को उन्नत बनाया जाएगा और आधुनिक मशीनों से सुसज्जित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम–सेतु देश के युवाओं को दुनिया की कौशल आवश्यकताओं के साथ जोड़ेगा।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर, 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 नवोदय विद्यालयों और 200 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में स्थापित बारह सौ व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का भी उद्घाटन किया। नरेन्द्र मोदी ने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत देश भर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के 46 शीर्ष मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

---

**पैंशनर**

प्रदेश के पेंशनरों ने ज्वाइंट पेंशन फ्रंट बनाकर समय पर पेंशन न मिलने, 2016 से एरियर का भुगतान न होने, सहित मेडिकल बिलों का भुगतान न होने पर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। शिमला में आयोजित पेंशनरों की बैठक के बाद ज्वाइंट पेंशनर फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष आत्माराम शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पेंशनर को समय पर पेंशन नहीं मिल रही है और नए वेतनमान का एरियर भी 2016 से लंबित है। उन्होंने कहा कि मेडिकल बिलों का करोड़ों रुपए का भुगतान और 16 फ़ीसदी महंगाई भत्ता भी देय है। आत्माराम शर्मा ने बताया कि कई बार सरकार को मांगपत्र देकर मांगे पूरी करने का आग्रह किया गया लेकिन सरकार अनसुना कर रही है।

उन्होंने कहा कि पेंशनरों ने अब सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है और 14 अक्तूबर को पेंशनर सड़कों पर उतर आंदोलन शुरू कर रहे हैं।

बाइट..... आत्मा राम शर्मा....

------------------------------------------------------------

## जीएसटी सुधार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज हम वाणिज्यिक माल वाहनों पर कर कटौती पर बात कर रहे हैं।

------------------------------------------------------------